Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

>

Title : Regarding functioning of Archaeology Department.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से विशेारूप से पुरातत्व विभाग का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र जोधपुर के फलौदी कस्बे में बहुत पुराना किला बना हुआ है, जिसे 500-600 वर्ा पुराना बताया जाता है। उस किले को पुरातत्व विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं किया है। जब भी बरसात आती है, तो वर्ा के कारण उसकी दीवारें गिर जाती हैं और उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। यदि इसी प्रकार चलता रहा, तो धीरे-धीरे पुरातत्व विभाग की वह संपत्ति नट हो जाएगी। उसे देखने के लिए अब भी अनेक विदेशी पर्यटक आते हैं। विशेारूप से देशी पर्यटक भी उस किले को देखने जाते हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा- चूंकि पुरातत्व विभाग ने उस किले को कब्जे में ले रखा है, इसलिए पुरातत्व विभाग उसका मैंटीनेंस करे और उसे ठीक करे, ताकि आने वाले समय में उसे नट होने से बचाया जा सके। धन्यवाद।